**ग्रामीण विकास विभाग (SQM Cell)**

पत्रांक– 07

प्रेषक

1. राम नरेश राम,
   राज्य गुणवत्ता अनुश्रवक,
   ग्रामीण विकास विभाग,
   बिहार, पटना

2. रामेश्वर प्रसाद,
   राज्य गुणवत्ता अनुश्रवक,
   ग्रामीण विकास विभाग,
   बिहार, पटना

सेवा में

अपर सचिव,
ग्रामीण विकास विभाग,
बिहार सरकार, पटना

दिनांक 18.10.2017

विषयः–माननीय श्री रत्नेश सादा, स०वि०स०, मा० श्री फैयाज अहमद, स०वि०स० एवं मा० श्री सुबोध राय, स०वि०स० से प्राप्त ध्यानाकर्षण सूचना के संबंध में।

प्रसंगः–ग्रामीण विकास विभाग के पत्रांक– 332019 दिनांक 09.10.2017 एवं गै०स०प्रे० संख्या 1154 दिनांक 22.08.2017

महाशय,

उपरोक्त विषयक एवं प्रसंगाधीन पत्र के आलोक में माननीय श्री रत्नेश सादा, स०वि०स०, मा० श्री फैयाज अहमद, स०वि०स० एवं मा० श्री सुबोध राय, स०वि०स० से प्राप्त ध्यानाकर्षण सूचना एवं गै०स०प्रे० संख्या 1154 दिनांक 22.08.2017 के निदेश के आलोक में सहरसा जिला के सोनवर्षा प्रखण्ड के मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी श्री राजीव रंजन पर लगाए गए आरोपों की जाँच की गई।

माननीय स०वि०स० के ध्यानाकर्षण सूचना में श्री राजीव रंजन, कार्यक्रम पदाधिकारी, सोनवर्षा पर निम्न आरोप लगाए गए हैं।

1. मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी अवैध तरीके से 40 से 50 प्रतिशत योजना की राशि खजुराहा पंचायत के मुखिया से लेकर योजना की स्वीकृति दी जाती है।
2. महादलित मुखिया को दबाकर मनमाने ढंग से कार्यों का सम्पादन किया जाता है,

तथा महादलित मुखिया के विशेषाधिकार को उनके (कार्यक्रम पदाधिकारी) द्वारा दबाया जा रहा है, जिसके कारण खजुराहा पंचायत का विकास कार्य अवरुद्ध हो रहा है।

उक्त आरोपों की जाँच प्रारम्भ करने के पहले दुरभाष से माननीय स०वि०स० श्री रत्नेश सादा को सूचना दी गई। उनके तरफ से उनके प्रतिनिधि श्री नवल कुमार विश्वास उपस्थित हुए। माननीय विधायक के अतिरिक्त खजुराहा पंचायत के वर्तमान मुखिया श्रीमती चन्द्रिका देवी के पति श्री अरूण महतो को भी सूचना दी गई, परन्तु वे जाँच के दौरान उपस्थित नहीं हो सके। जाँच के दौरान संबंधित पंचायत रोजगार सेवक, पंचायत तकनीकी सहायक, कनीय अभियंता, सहायक अभियंता एवं उस पंचायत के ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

विभागीय गै०स०प्रे० संख्या 1154 दिनांक 22.08.2017 में जाँच दल को यह भी निदेश है कि संदर्भित पंचायत (खजुराहा) की सभी मनरेगा योजनाओं की जाँच की जाय।

उक्त आरोपों के अभिलेखीय जाँच के क्रम में पाया गया कि कार्यक्रम पदाधिकारी, सोनवर्षा राज, श्री राजीव रंजन दिनांक 29.04.2015 से आज तक सोनवर्षा प्रखण्ड में पदस्थापित हैं। खजुराहा पंचायत के योजना पंजी (Work register) के अवलोकन से ज्ञात हुआ कि इनके अवधि में कुल 41 योजनाओं की कार्यान्वित की गई है, जो वित्तीय वर्ष वार निम्नवत हैः–

| वित्तीय वर्ष | योजनाओं की संख्या |
|---|---|
| 2015–16 | 26 |
| 2016–17 | 11 |
| 2017–18 | 4 |
| कुल | 41 |

वित्तीय वर्ष 2015–16 में 5.00 लाख से 10.00 लाख के बीच की प्राक्कलित योजनायें 17 अदद, वित्तीय वर्ष 2016–17 में कुल 11 अदद एवं वित्तीय वर्ष

2017–18 में कुल 4 अदद कुल 32 योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति कार्यक्रम पदाधिकारी, सोनवर्षा द्वारा दी गई है। इस अवधि में खजुराहा पंचायत में दो मुखिया क्रमशः स्वर्गीय देवकी देवी एवं श्रीमती चन्द्रिका देवी के कार्यावधि रही हैं।

स्वर्गीय देवकी देवी, पूर्व मुखिया, खजुराहा द्वारा 5.00 लाख तक की योजनाओं की कुल संख्या 9 की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है तथा श्रीमती चन्द्रिका देवी, वर्तमान मुखिया द्वारा कोई योजना की प्रशासनिक स्वीकृति नहीं दी गई है। क्योंकि प्राक्कलन तैयार कर हीं नहीं दिया गया।

दिनांक 14.10.2017 को श्रीमति चन्द्रिका देवी, मुखिया ग्राम पंचायत, खजुराहा अपने पति श्री अरूण महतो के साथ उपस्थित हुई।

ध्यानाकषर्ण प्रस्ताव में उल्लेखित आरोप की अवैध तरीके से 40 से 50 प्रतिशत राशि खजुराहा पंचायत के मुखिया द्वारा लेकर योजना की स्वीकृति देने के संबंध में श्रीमती चन्द्रिका देवी ने अपने लिखित बयान में बताया कि मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी, सोनवर्षा को दिनांक 19.12.2016 को एक लेटर पैड पर लिखकर Estimate बनाने के लिए दिए थे। मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी बोले कि पहले प्रशासनिक स्वीकृति में रुपया लगेगा, 40 से 50 प्रतिशत रुपया दीजिएगा तो उसके बाद Estimate बनवाकर PTA से दिलवा देंगे। तभी पंचायत में काम कराएंगे, नहीं तो प्रशासनिक स्वीकृति नहीं होगा। मेरे पंचायत में कार्यक्रम पदाधिकारी, दलाल, ठीकेदार के द्वारा काम करवाया जा रहा है। पूर्व मुखिया स्व० देवकी देवी, द्वारा वर्ष 2015–16 में करवाए गए योजना संख्या 27, 28 एवं 29 में मिट्टी ईंट सोलिंग कार्य लगभग एक साल पहले पूर्ण हो चुका है। Payment कुछ हुआ है। लेबर एवं ईंट का Payment नहीं हुआ है। रुपया मांगता है। कार्यक्रम पदाधिकारी नहीं रुपया दीजिएगा तो पेमेन्ट नहीं होगा। (लिखित आवेदन की मूल प्रति संलग्न है)।

आरोप के संबंध में कार्यक्रम पदाधिकारी, सोनवर्षा से भी पूछताछ की गई, उन्होने 40 से 50 प्रतिशत राशि लेकर योजना की प्रशासनिक स्वीकृति देने के आरोप से इन्कार कर दिया। जहाँ तक दलाल–ठीकेदार के माध्यम से काम करवाने

का संबंध है। इस संबंध में मुखिया ने जाँच के क्रम में जाँच दल को किसी ठीकेदार या दलाल का नाम नहीं बताया।

वित्तीय वर्ष 2015—16 की योजना संख्या 27, 28 एवं 29 में कार्य के विरुद्ध मजदूर एवं सामग्री की राशि के भुगतान नहीं होने के संबंध है, इस संबंध में जाँचोपरान्त निम्न तथ्य पाए गएः—

योजना संख्या 27/2015—16 में मजदूर के मजदूरी में 3,41,964 रुपये भुगतान हो चुका है। सामग्री मद में 5,61,162 रुपये लम्बित है।

योजना संख्या 28/2015—16 में मजदूर के मजदूरी में 4,65,156 रुपये भुगतान हो चुका है। सामग्री मद में 4,38,769 रुपये लम्बित है।

योजना संख्या 29/2015—16 में मजदूर के मजदूरी में 3,86,568 रुपये भुगतान हो चुका है। सामग्री मद में 11,776 रुपये लम्बित है।

इस प्रकार वित्तीय वर्ष 2015—16 में कुल 10,11,107 जो सामग्री मद की है, राशि का भुगतान अभी लंबित रखा गया है जबकि प्रखण्ड के दूसरे पंचायतों में सामग्री मद की राशि का भुगतान की गयी।

श्रीमती चन्द्रिका देवी ने कार्यक्रम पदाधिकारी, सोनवर्षा को दिनांक 19.12.2016 को प्रेषित आवेदन की एक छाया प्रति जाँच दल को प्रस्तुत किया, जो खजुराहा पंचायत के योजनाओं के Estimate बनाने से संबंधित है (आवेदन की छाया प्रति संलग्न है)। इस आवेदन में पंचायत के 19 योजनाओं की सूची है। इनका आरोप है कि कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा जानबुझकर इन योजनाओं को Estimate नहीं बनवाया।

आवेदन पत्र में वर्णित योजनाओं की सूची से कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा अपने कार्यकाल में कार्यान्वित की जा रही 41 योजनाओं से मिलान किया गया, तो पाया गया कि 4 योजनाओं की तकनीकी एवं प्रशासनिक स्वीकृति सहायक अभियंता एवं कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा दिया गया है। स्वीकृति के उपरान्त योजनाओं का कार्य चल रहा है, जो योजना संख्या क्रमशः 4/2016—17, 6/2016—17, 10/2016—17 एवं 02/2017—18 है। कार्य प्रगति में है। शेष 15 योजनाओं का जो

मुखिया के आवेदन में वर्णित है का प्राक्कलन तैयार कर प्रशासनिक स्वीकृति हेतु ग्राम पंचायत के मुखिया/पंचायत रोजगार सेवक को नहीं लौटाया गया, जिसके कारण 15 योजनाओं पर कार्य नहीं किया गया।

अपने वर्तमान कार्यकाल में कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा प्रशासनिक स्वीकृति देकर जिन 41 योजनाओं में कार्य किए गए एवं किए जा रहे हैं उसमें से Randomly चयन कर 10 योजनाओं का अभिलेखीय एवं स्थलीय जाँच की गई, जाँचोपरान्त पायी गयी वस्तु स्थिति निम्न प्रकार है:–

| क्र० | योजना संख्या | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | मापी पुस्त में अंकित राशि | योजना पर अब तक की गई कुल व्यय | योजना की भौतिक स्थिति एवं मंतव्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | 1/2015–16 | ग्राम पंचायत खजुराहा अन्तर्गत म०वि० खजुराहा से नहर तक सड़क में मिट्टी भराई कार्य | 6,35,500.00 | 6,21,364.00 | 6,08,826.00 | योजना पूर्ण है। योजना का स्थलीय जाँच में पाया गया कि योजना का कार्य सड़क पर मिट्टी भराई का है। सड़क में कहीं कहीं बरसात एवं वाहन चलने के कारण मिट्टी धंस गया है। किया गया कार्य संतोषजनक पाया गया। स्थल पर सूचना पट पाया गया। |
| 2. | 2/2015–16 | ग्राम पंचायत खजुराहा के रिफयूजी वासा से बलवा घाट तक सड़क में मिट्टी भराई कार्य | 6,25,000.00 | 5,71,630.00 | 5,23,686.00 | योजना पूर्ण है। योजना जाँच में पाया गया कि किया गया कार्य मिट्टी भराई का है। स्थल पर देखने से लगा कि कार्य किया गया है। किया गया कार्य संतोषजनक है। |
| 3. | 6/2015–16 | प्रा०वि० कनौजा से गढ़ बाजार नहर तक सड़क मिट्टी ईंट सोलिंग कार्य | 9,91,000.00 | 3,09,970.00 | 2,48,508.00 | स्थल पर मिट्टी कार्य सिर्फ किया गया है। ईंट सोलिंग का कार्य नहीं हुआ। जैसा कि स्थल पर मनरेगा कर्मियों द्वारा बताया गया कि स्थल विवादित होने के कारण मुखिया के अनुशंसा पर कार्य स्थगित किया गया। |
| 4. | 9/2015–16 | ग्राम पंचायत खजुराहा में फूलो मंडल के घर से महादलित टोला वार्ड | 9,91,500.00 | 9,83,457.00 | 9,60,023.00 | योजना पूर्ण है। यह योतना महादलित टोला में सड़क का P.C.C. कार्य का है। P.C.C. कार्य किया गया है। |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | नं० 11तक सड़क में P.C.C. कार्य | | | | किया गया कार्य की गुणवत्ता संतोषजनक है। सूचना पट पाया गया। |
| 5. | 11/2015–16 | ग्राम पंचायत खजुराहा अन्तर्गत खनौआ मोड़ से पंच विगहा तक सड़क में मिट्टी भराई कार्य। | 4,43,500.00 | 3,79,109.00 | 3,67,452.00 | योजना पूर्ण है। यह योजना महादलित टोला में सड़क का P.C.C. कार्य का है। P.C.C. कार्य किया गया है। किया गया कार्य संतोषजनक पाया गया। इस योजना का कार्य पूर्ण होने से महादलित लोग को सड़क से आवागमन में सुविधा हो रही है। |
| 6. | 3/2016–17 | ग्राम पंचायत खजुराहा में उपेन्द्र यादव के घर से म०वि० भवड़ा तक सड़क में मिट्टी ईंट सोलिंग कार्य | 9,16,000.00 | 3,44,554.00 | 2,48,748.00 | यह योजना का कार्य मिट्टी ईंटीकरण का है। स्थल जाँच में पाया गया कि सड़क में सिर्फ मिट्टीकरण का कार्य किया गया है। योजना का कार्य ongoing है। बरसात होने के कारण कार्य बन्द है। स्थल पर सूचना पट पाया गया। |
| 7. | 5/2016–17 | ग्राम पंचायत खजुराहा अन्तर्गत म०वि० भवड़ा से कुशहा होते हुए भवड़ा सीमा तक सड़क में मिट्टी भराई कार्य | 9,80,500.00 | 8,65,822.00 | 8,43,228.00 | यह योजना का कार्य ongoing है। योजना अभी पूर्ण नहीं हुआ है। योजना में मिट्टी कार्य हुआ है। लेकिन बरसात होने के कारण किया गया मिट्टी कार्य का क्षरण हुआ है। और मिट्टी बैठ भी गया है। चूँकि योजना ongoing है इसलिए क्षरण मिट्टी को पुनः स्थापित करने की आवश्यकता है। स्थल पर सूचना पट पाया गया। |
| 8. | 8/2016–17 | ग्राम पंचायत खजुराहा में विशेशवर यादव के वासा निकट से पश्चिम जाने वाली सड़क में मिट्टी भराई कार्य | 9,80,000.00 | 8,00,440.00 | 7,81,632.00 | यह योजना का कार्य ongoing है। योजना अभी पूर्ण नहीं हुआ है। योजना में मिट्टी भराई का कार्य हुआ है। लेकिन बरसात होने के कारण किया गया मिट्टी कार्य का क्षरण हुआ है। और मिट्टी बैठ भी गया है। चूँकि योजना ongoing है इसलिए क्षरण मिट्टी को पुनः स्थापित करने की आवश्यकता है। स्थल पर सूचना पट पाया गया। |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 9. | 13/2016–17 | खजुराहा वार्ड नं० 2 मांगेन सादा के गाँछी से सीमान तक सड़क में मिट्टी भराई एवं ईंट सोलिंग कार्य | 9,52,400.00 | 4,73,986.00 | 4,63,052.00 | यह योजना भी ongoing है। कार्य अभी पूर्ण नहीं हुआ है। स्थल पर सिर्फ मिट्टी का कार्य हुआ है। इस योजना में ईंट सोलिंग भी करना है। ईंट सोलिंग नहीं किया गया है। मिट्टी कार्य का क्षरण हुआ है। क्षरण मिट्टी को पुनः भराई कर स्थापित करने की आवश्यकता है। स्थल पर सूचना पट पाया गया। |
| 10. | 1/2017–18 | ग्राम पंचायत खजुराहा अन्तर्गत प्रा०वि० प्रांगण से दरगाह तक सड़क में मिट्टी भराई एवं ईंट सोलिंग कार्य | 7,19,800.00 | 1,58,061.00 | 1,20,006.00 | यह योजना भी ongoing है। मिट्टी का कार्य हुआ है। लेकिन अभी पूर्ण नहीं हुआ है। सड़क पर मिट्टी और भराई करने की आवश्यकता है। उसके उपरान्त ही ईंट सोलिंग करने की आवश्यकता है। किया गया मिट्टी कार्य का क्षरण हुआ है एवं सड़क पर भराई की गई मिट्टी धंस गया है। पुनः मिट्टी भराई कर ईंट सोलिंग करने की आवश्यकता है। अभी ईंट सोलिंग नहीं किया गया है। स्थल पर सूचना पट पाया गया। |

डूबा क्षेत्र होने के कारण शेष 31 योजनाओं का जाँच संभव नहीं हो सका।

**निष्कर्ष**

1. ध्यानाकर्षण प्रस्ताव में लगाए गए आरोपों के आलोक में पाया गया कि कार्यक्रम पदाधिकारी ने अपने करीब तीन साल की अवधि में 41 योजनाओं में से 32 योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति दिया है तथा योजना का कार्यान्वयन किया जा रहा है, जो 5.00 लाख से 10.00 लाख रुपये के बीच है। इस कार्यान्वयन में वर्तमान मुखिया का कोई योगदान नहीं रहा फलतः इसके कारण मुखिया को नाराजगी है।
2. 40 से 50 प्रतिशत योजना की राशि लेकर प्रशासनिक स्वीकृति देने के संबंध में मुखिया द्वारा जाँच के क्रम में कोई प्रमाण जाँच दल को नहीं दिया।

3. वर्तमान मुखिया द्वारा एक भी योजना का कार्यान्वयन नहीं किया जाना यह दर्शाता है कि जानबुझकर मुखिया, खजुराहा को कार्य से वंचित रखा गया है।

4. मुखिया श्रीमती चन्द्रिका देवी द्वारा इस लिहाज से 19 योजनाओं की सूची कार्यक्रम पदाधिकारी, सोनवर्षा को प्राक्कलन बनवाने हेतु भेजा, लेकिन उसमें से 4 योजनाओं का प्राक्कलन की प्रशासनिक स्वीकृति कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा दिया गया और कार्यान्वित किया गया। परन्तु शेष पन्द्रह योजनाओं का प्राक्कलन तैयार कर पंचायत को वापस नहीं भेजा गया फलतः इस पर कार्य अवरुद्ध रहा। इससे प्रतीत होता है कि मुखिया के विशेषाधिकार का हनन हुआ है (मुखिया के आवेदन की छाया प्रति में उल्लेखित है, जो अनुलग्नक–1 में है)।

5. वित्तीय वर्ष 2015–16 के योजना संख्या– 27, 28 एवं 29 के सामग्री मद में कुल 10,11,107/– रुपये का अभी तक भुगतान नहीं हुआ है, जो पूर्व मुखिया स्व० देवकी देवी द्वारा कराया गया है जबकि प्रखण्ड के अन्य पंचायतों में सामग्री मद में भुगतान किया गया है।

सूचनार्थ समर्पित।

अनुलग्नक–
1. मुखिया द्वारा अपने पैड पर प्रतिवेदन समर्पित प्राक्कलन बनाने हेतु आवेदन पत्र की छाया प्रति– 1 अदद
2. मुखिया का बयान– मूल में।
3. कार्यक्रम पदाधिकारी, सोनवर्षा पंचायत खजुराहा के अन्तर्गत कराए गए/कराए जा रहे योजनाओं की सूची– 1 प्रति, 4 पृष्ठ में

विश्वासभाजन

18.10.17
(राम नरेश राम),
राज्य गुणवत्ता अनुश्रवक,
ग्रामीण विकास विभाग,
बिहार, पटना

(रामेश्वर प्रसाद)
राज्य गुणवत्ता अनुश्रवक,
ग्रामीण विकास विभाग,
बिहार, पटना

चन्द्रिका देवी
(मुखिया)
ग्राम पंचायत खजुराहा
प्रखंड-सोनवर्षा, जिला-सहरसा

निवास
ग्राम+पो0-खजुराहा
थाना-सोनवर्षा, जिला-सहरसा
मो0-9570505263, 993991419

अनुलग्नक-1.

पत्रांक 1

दिनांक 19.12.16

सेवा में,

श्रीमान कार्यक्रम पदाधिकारी
महोदय सोनवर्षा (सहरसा)

विषय :- एसटीमेट बनवाने के सम्बन्ध में

महाशय

सविनय निवेदन है कि क्रमांक संख्या

(1) 25 कुशहा महादलीत टोला में मिट्टी भड़ाई कार्य
(2) 27 डीह टोला में महादलीत टोला मिट्टी भड़ाई कार्य
(3) 32 वार्ड न0 11 महादलीत में बालडीह में मिट्टी भड़ाई कार्य
(4) 24 वार्ड न0 03 बी0पी0एल में बालडीह में मिट्टी भड़ाई कार्य
(5) 23 वार्ड न0 02 बी0पी0एल में बालडीह में मिट्टी भड़ाई कार्य
(6) 35 वार्ड न0 13 चकला हरिजन टोला बी0पी0एल [illegible] डीह में मिट्टी भड़ाई कार्य।
~~(7) 34 वार्ड न0 10 [illegible] के [illegible] डीह में मिट्टी कार्य~~
(8) 38 वार्ड न0 14 महादलीत टोला में मिट्टी भड़ाई कार्य।
(9) 39 नवटोलिया वि0 रखौता में [illegible] में मिट्टी भड़ाई कार्य।
(10) 45 वार्ड न0 05 कमरा टोला में बी0पी0एल धारी के वास डीह में मिट्टी भड़ाई कार्य
(11) 31 वार्ड न0 05 में बी0पी0एल धारी के डीह में मिट्टी भड़ाई
(12) 44 [illegible] टोला बी0पी0एल के वास डीह में मिट्टी
(13) 01 वार्ड न0 09 बी0पी0 धारियों संत [illegible] टोला में मिट्टी भड़ाई।
(14) 37 वार्ड न0 08 [illegible] टोला में बी0पी0एल के वासडीह में मिट्टी भड़ाई कार्य।
(15) 22 वार्ड न0 01 बी0पी0एल धारी के वासडीह में मिट्टी भड़ाई कार्य।

Received copy & forwarded to J.E., T.A., Pankaj, for take action

(16) क्रमांक - 10 वार्ड न० 12 बी० पी० एल मैं पानेडीह में मिट्टी भराई कार्य।

(17) " - 14 वार्ड न० 05 आंगन बाड़ी केन्द्र में मिट्टी भराई

(18) " - 47 कमला स्थान प्रांगण में मिट्टी भराई कार्य।

(19) " वार्ड1006 में ... आंगन में मिट्टी भराई कार्य

अतः श्रीमान कार्यक्रम पदाधिकारी सोनवर्षा (सहरसा) से निवेदन है कि उपर्युक्त सभी योजनाओं का ~~स्टीमेट~~ बनवाने की कृपा कि जाय। ताकी पंचायत मैं विकास हो सके।

(20) (97) आर ई ओ रोड से रमेश यादव के घर भवडा सिवान तक मिट्टी भराई कार्य

विश्वासभाजन

Ambika devi 19.12.16

मुखिया

ग्राम पं० खजुराहा

मुखिया

ग्राम पंचायत, खजुराहा

प्रखण्ड - सोनवर्षा (सहरसा)

अनुलग्नक-2

मैं ज्योतिका देवी मुखिया ग्राम पंचायत खजूरद्दा प्रखण्ड सोनवर्षा राज जिला सहरसा ब्यान में मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी को 19/12/16 को एक लेटर पेड परीक्षा करके एसटीमेट बनवाने के लिए दिये थे। मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी बोले जी पहले प्रशासनिक स्वकृति में रुपया लगेगा 40 से 50 प्रतिशत रुपया दिजयेगा तो उसके बाद एसटीमेट बनवाकर पीटीय से दिलवा देंगे तभी पंचायत में काम करायेगा। नहीं तो प्रशासनिक स्वकृति नहीं होगा।

मेरे पंचायत में कार्यक्रम पदाधिकारी दलाल ठिकेदार के द्वारा काम करवाया जा रहा है, पूर्व मुखिया स्व० देवकी देवी द्वारा 15-16 में काम करवाये योजना सं० 27-28 29 में मिट्टी ईंट सोलिंग कार्य पूर्ण लगभग एक वर्ष पहले कार्य पूर्ण है पेमेंट कुछ हुआ है लेबर और ईंट का पेमेंट नहीं हुआ है।

रुपया मागता है, कार्य क्रम पदाधिक
नहीं रुपया दिजयेगा तो पेमेंट
होगा। अत: श्री मान् से नम् निव
है कि उचित कानून कार्यवाही किय
जाय मैं सदा आभारी रहूँगी।

आपका विश्वास भाजन
मैं चन्द्रिका देवी मुखिया
ग्राम पंचायत खजुराहा
प्रखण्ड सोनवर्षा राज जिला
सहरसा
(मुखिया)
चन्द्रिका देवी मो० न०
9570505263
14/10/17

* मुखिया *
ग्राम पंचायत खजुराहा
प्रखंड-सोनवर्षा (सहरसा)

गवाह
अरुण महतो
14.10.17

अनुलग्नक – 3.

**सहरसा जिला, सोनवर्षा प्रखण्ड, खजुराहा पंचायत के अन्तर्गत वर्ष 2015–16 से वर्ष 2017–18 अवधि का जो कार्यक्रम पदाधिकारी के कार्यकाल में कराए गए योजनाओं की सूची (29.04.2015 से आज तक)**

| क्र० | योजना संख्या | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | मापी पुस्त में अंकित राशि | कुल व्यय | योजना की भौतिक स्थिति | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 01/2015–16 | ग्राम पंचायत खजुराहा अन्तर्गत म०वि० खजुराहा से नहर तक सड़क में मिट्टी भराई कार्य | 635500 | 621364 | 608826 | पूर्ण | |
| 2. | 02/2015–16 | ग्राम पंचायत खजुराहा में रिफयूजी बासा से बलवा घाट तक सड़क में मिट्टी भराई कार्य। | 625000 | 571630 | 523686 | पूर्ण | |
| 3. | 03/2015–16 | ग्राम पंचायत में कन्या प्रा०वि० से इंदर भगत के खेत तक सड़क में मिट्टी भराई कार्य | 663000 | 651534 | 601692 | पूर्ण | |
| 4. | 04/2015–16 | ग्राम पंचायत खजुराहा में हरेराम साह के घर से वार्ड नं० 03 में अब्बास के खेत सड़क में मिट्टी सोलिंग कार्य। | 596000 | 572710 | 512408 | पूर्ण | |
| 5. | 05/2015–16 | ग्राम पंचायत खजुराहा सियाराम यादव के घर से पीछे सड़क उत्तर दिशा में कमला स्थान तक मिट्टी ईंट सोलिंग कार्य | 992000 | 128236 | 123015 | मुखिया के अनुशंसा पर कार्य स्थगित | |
| 6. | 06/2015–16 | प्रा०वि० कनौआ से गढ़ बाजार नहर तक सड़क में मिट्टी ईंट सोलिंग कार्य | 991000 | 309970 | 248508 | मुखिया के अनुशंसा पर कार्य स्थगित | |
| 7. | 07/2015–16 | ग्राम पंचायत खजुराहा में उपेन्द्र भगत के घर से छहरा कमल मुखिया के गाछी तक सड़क में मिट्टी ईंट सोलिंग कार्य | 324700 | 317500 | 292322 | पूर्ण | |
| 8. | 08/2015–16 | वार्ड नं० 06 नहर पुल से खजुराहा सीमान तक सड़क में मिट्टी भराई कार्य | 938500 | 858016 | 850965 | पूर्ण | |
| 9. | 09/2015–16 | ग्राम पंचायत खजुराहा में फुलो मंडल के घर से महादलित टोला वार्ड नं० 11 तक सड़क में पी०सी०सी० कार्य | 991500 | 983457 | 960023 | पूर्ण | |
| 10. | 10/2015–16 | ग्राम पंचायत खजुराहा अन्तर्गत आर०ई० रोड से अनुरूद्ध ठाकुर के घर तक सड़क में मिट्टी एवं ईंट सोलिंग कार्य | 226400 | 222853 | 214363 | पूर्ण | |

| क्र० | योजना संख्या | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | मापी पुस्त में अंकित राशि | कुल व्यय | योजना की भौतिक स्थिति | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 11. | 11/2015–16 | ग्राम पंचायत खजुराहा अन्तर्गत खनौआ मोड़ से पंच बिगहा तक सड़क में मिट्टी भराई कार्य | 443500 | 379108 | 367452 | पूर्ण | |
| 12. | 12/2015–16 | ग्राम पंचायत खजुराहा में महेन्द्र सादा महादलित टोला में मिट्टी भराई कार्य | 435400 | 423810 | 407862 | पूर्ण | |
| 13. | 13/2015–16 | ग्राम पंचायत खजुराहा में वार्ड नं० 07 में नाथो सादा महादलित टोला में मिट्टी भराई कार्य | 482000 | 304060 | 303384 | पूर्ण | |
| 14. | 14/2015–16 | ग्राम पंचायत खजुराहा में राजीव गाँधी सेवा केन्द्र एवं बांगनबाड़ी केन्द्र के प्रांगण में मिट्टी भराई कार्य | 561000 | 542563 | 502472 | पूर्ण | |
| 15. | 15/2015–16 | आर०ई० रोड से रतनी टोला रखौता में मिट्टी सोलिंग कार्य | 993500 | 986584 | 985529 | पूर्ण | |
| 16. | 16/2015–16 | घनी महाराज स्थान में मिट्टी भराई कार्य | 333000 | 328235 | 312274 | पूर्ण | |
| 17. | 17/2015–16 | वार्ड नं० 09 में सीतो झा के घर से मध्य वि० खजुराहा तक सड़क में पी०सी०सी० ढलाई कार्य। | 994000 | 992986 | 992152 | पूर्ण | |
| 18. | 18/2015–16 | दयानंद यादव के घर से गगन यादव के घर तक मिट्टी एवं ईंट सोलिंग कार्य | 351900 | 326986 | 324393 | पूर्ण | |
| 19. | 19/2015–16 | ग्राम पंचायत खजुराहा में आजाद चौक से विनो राम के घर तक सड़क में मि० एवं ईंट सोलिंग कार्य | 583400 | 102748 | 97525 | मुखिया के अनुशंसा पर कार्य स्थगित | |
| 20. | 21/2015–16 | म०वि० रखौता के प्रांगण में मिट्टी भराई कार्य | 237000 | 227364 | 237006 | पूर्ण | |
| 21. | 22/2015–16 | आर०ई० रोड डीह टोला तक सड़क में मिट्टी ईंट सोलिंग कार्य | 992500 | 323973 | 271872 | Ongoing | |
| 22. | 24/2015–16 | नवसृजित प्र०वि० नरहा से कारू बाबा स्थान तक सड़क में मिट्टी भराई कार्य | 856000 | 270664 | 267624 | Ongoing | |
| 23. | 25/2015–16 | कारू बाबा स्थान से डीह टोला सड़क तक मिट्टी भराई कार्य | 905000 | 219688 | 212400 | Ongoing | |

| क्र० | योजना संख्या | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | मापी पुस्त में अंकित राशि | कुल व्यय | योजना की भौतिक स्थिति | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 24. | 27/2015–16 | चन्दो यादव के घर से नहर पुल तक सड़क मिट्टी भराई कार्य | 915500 | 362236 | 341964 | Ongoing | |
| 25. | 28/2015–16 | उ०वि० बघैल से परवाहा तक सड़क में मिट्टी एवं ईंट सोलिंग कार्य | 916800 | 903925 | 465156 | Ongoing | |
| 26. | 29/2015–16 | नहर पुल से गढ़ बाजार तक सड़क में मिट्टी एवं ईंट सोलिंग कार्य | 908500 | 398344 | 386568 | Ongoing | |
| 27. | 03/2016–17 | ग्राम पंचायत खजुराहा में उपेन्द्र यादव के घर से मध्य वि० भवड़ा तक सड़क में मिट्टी सोलिंग कार्य | 916000 | 344554 | 248748 | Ongoing | |
| 28. | 04/2016–17 | ग्राम पंचायत खजुराहा अन्तर्गत वार्ड नं० 13 चकला हरिजन टोला बी०पी०एल० बासडीह में मिट्टी भराई कार्य | 978500 | 804472 | 613332 | Ongoing | |
| 29. | 05/2016–17 | ग्राम पंचायत खजुराहा अन्तर्गत म०वि० भवड़ा से कुशहा होते हुए भवड़ा सीमा तक सड़क में मिट्टी भराई कार्य | 980500 | 865822 | 843228 | Ongoing | |
| 30. | 06/2016–17 | ग्राम पंचायत खजुराहा में वार्ड नं० 01 मनोज मिस्त्री टोला में बी०पी०एल० बासडीह में मिट्टी भराई कार्य | 985500 | 851211 | 676494 | Ongoing | |
| 31. | 07/2016–17 | ग्राम पंचायत खजुराहा में खनौआ कब्रिस्तान में मिट्टी भराई कार्य | 991500 | 953172 | 811368 | Ongoing | |
| 32. | 08/2016–17 | ग्राम पंचायत खजुराहा में विशेश्वर यादव के बासा निकट से पश्चिम जाने वाली सड़क में मिट्टी भराई कार्य | 980000 | 800440 | 781632 | Ongoing | |
| 33. | 09/2016–17 | ग्राम पंचायत खजुराहा में सोनय स्थान से मध्य वि० खजुराहा जाने वाली सड़क में मिट्टी भराई कार्य | 956500 | 322192 | 240012 | Ongoing | |
| 34. | 10/2016–17 | ग्राम पंचायत खजुराहा अन्तर्गत वार्ड नं० 11 बी०पी०एल० में बासडीह में मिट्टी भराई कार्य | 981300 | 523966 | 412056 | Ongoing | |

| क्र० | योजना संख्या | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | मापी पुस्त में अंकित राशि | कुल व्यय | योजना की भौतिक स्थिति | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 35. | 12/2016–17 | ग्राम पंचायत खजुराहा उपेन्द्र भगत के घर से कामत मुखिया के बगीचा तक सड़क में मिट्टी ईंट सोलिंग कार्य | 384200 | 202684 | 133812 | Ongoing | |
| 36. | 13/2016–17 | खजुराहा वार्ड नं० 02 मांगेन सादा के गाँछी से सीमान तक सड़क में मिट्टी भराई एवं ईंट सोलिंग कार्य | 952400 | 473986 | 463052 | Ongoing | |
| 37. | 14/2016–17 | ग्राम पंचायत खजुराहा वार्ड नं० 15 बी०पी०एल० धारी के बासडीह में मिट्टी भराई कार्य | 969900 | 185946 | 143370 | Ongoing | |
| 38. | 01/2017–18 | ग्राम पंचायत खजुराहा अंतर्गत प्रा०वि० प्रांगण से दरगाह तक सड़क में मिट्टी भराई एवं ईंट सोलिंग कार्य। | 719800 | 158061 | 120006 | Ongoing | |
| 39. | 02/2017–18 | ग्राम पंचायत खजुराहा गणेश टोला बी०पी०एल० के बासडीह में मिट्टी भराई कार्य। | 969400 | 345928 | 237888 | Ongoing | |
| 40. | 03/2017–18 | खजुराहा पंचायत अंतर्गत दिनेश झा के खेत से नहर तक सड़क में मिट्टी भराई कार्य। | 717400 | 30780 | 123192 | Ongoing | |
| 41. | 04/2017–18 | खजुराहा अंतर्गत वार्ड नं० 13 चकला गौठ टारेला के बी०पी०एल० के बासडीह में मिट्टी भराई कार्य। | 980700 | 205780 | 144432 | Ongoing | |

18/x/17 18.10.17